## सार-समाचार

### रणकपुर से लौटे बुजुर्ग दंपती के जेवर चोरी

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के पाल रोड स्थित शंकरनगर में रहने वाला बुजुर्ग दंपती कुछ समय पहले अपने बेटे से मिलने मुंबई गये थे। वापिस 6 नवंबर को लौटे थे। यहां घर पहुंचने पर पता लगा कि उनके बैग और पर्स में सोने की चेन और एक पेडेंट लगा हुआ था जोकि चोरी हो गए है। बुजुर्ग दंपती की तरफ से 7 नवंबर को जीआरपी थाने में इस बाबत रिपोर्ट दी गई। तब पुलिस ने जीरो नंबर की एफआईआर दर्ज कर उसे पुलिस आयुक्तालय भेजा। डीसीपी वेस्ट के आदेश अब चौपासनी हाउसिंग बोर्ड थाने में केस दर्ज करवाया गया है। एएसआई अनिल कुमार ने बताया कि पाल रोड शंकर नगर में रहने वाले 72 साल के हरिशचंद्र सिंघवी पुत्र भीकमचंद सिंघवी इसी माह अपने पुत्र से मिलने पत्नी के साथ मुंबई गए थे। 6 नवंबर को वे रणकपुर एक्सप्रेस से जोधपुर लौटे थे। फिर रेलवे स्टेशन से होते हुए अपने घर पहुंचे। पत्नी ने बैग और पर्स संभाला तो उसमें रखी एक सोने की चेन और एक आठ ग्राम का पेडेंट सोने का था वह नदारद मिले। इस बारे में उनके द्वारा 7 नवंबर को जीआरपी थाने में रिपोर्ट दी गई थी। तब बिना नंबरी एफआईआर को बाद में पुलिस आयुक्तालय भेजा गया। जहां से डीसीपी कार्यालय से मिलने पर अब थाने में केस दर्ज किया गया है। पर्स से चेन और पेडेंट कै से चोरी हुआ इसका पता दंपती को भी नहीं है। मामले को लेकर अब पड़ताल की जा रही है।

### जोधपुर में ऑर्थोपेडिक वॉकथॉन आज

**जोधपुर**, (कासं) । लोगों को हड्डियों और जोड़ों की देखभाल के प्रति जागरूक करने के लिए जोधपुर में भारत की पहली ऑर्थोपेडिक वॉकथॉन रविवार को आयोजित की जाएगी। राजदादीजी बदन कंवर मेडिकल ट्रस्ट और जोधपुर पोलो एंड इक्वेस्ट्रियन इंस्टीट्यूट के सहयोग से मूणोत हेल्थकेयर फाउंडेशन की ओर से रविवार सुबह सात बजे महाराजा गजसिंह स्पोर्ट्स फाउंडेशन पोलो ग्राउंड पर होने वाली इस वॉकथॉन को पूर्व नरेश गजसिंह हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। रनर्स तीन किमी की मैजिस्टिक मारवाड़ वॉक और पांच किमी की थार डेजर्ट डेश में हिस्सा ले सकेंगे। मूणोत हेल्थकेयर फाउंडेशन विशेषज्ञ आर्थोपेडिक देखभाल करने वाला रजिस्टर्ड एनजीओ है और वे मरीजों को ऑर्थोपेडिक्स की देखभाल के लिए जागरूक करने के लिए निशुल्क शिविर लगाते हैं। फाउंडेशन के एक्सपर्ट्स ने बताया कि तीस साल की उम्र तक हड्डियों का द्रव्यमान बढ़ता है और बाद में कम होने लगता है। कमजोर हड्डियों के कारण 40 प्रतिशत मामलों में फ्रैक्चर और संबंधित की मृत्यु तक हो सकती है। हड्डियों के द्रव्यमान बढ़ाने के लिए अच्छी डाइट के साथ पैदल चलना, वजन उठाने वाली एक्सरसाइज जरूरी है जिससे हड्डियों पर भार पड़े और वे मजबूत हों। वॉकथॉन में रनर्स को वॉर्मअप कराने के साथ बोन डेंसिटी चेकअप, फुट स्कैन, फिजियोथैरेपी जैसी सुविधाएं भी मिलेगी। वॉकथॉन में हिस्सा लेने वालों को ब्रेकफास्ट, पार्टिसिपेंट मेडल और ई-सर्टिफिकेट दिए जाएंगे।

### संभावित शीत लहर से निपटने के निर्देश

**बाड़मेर**, (नि.सं.)। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में सर्दी का असर बढ़ने की संभावना है। इसको लेकर राज्य आपदा एवं प्रबंधन विभाग ने आगामी शीत लहर से निपटने के लिए विभागीय अधिकारियों को चौकस रहने एवं आमजन को जागरूक करने के निर्देश दिए है। जिला कलैक्टर टीना डाबी ने बताया कि आपदा एवं प्रबंधन विभाग के निर्देशानुसार आगामी संभावित शीत लहर से निपटने के लिए समस्त विभागीय अधिकारियों को चौकस रखने, आमजन को जागरूक करने के निर्देश दिए हैं। ताकि मानव जीवन, पशुधन और फसल को नुकसान नहीं हो। उन्होंने बताया कि समस्त चिकित्सा संस्थानों में चिकित्सकों एवं पैरा मेडिकल स्टाफ की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के साथ शीत लहर की स्थिति में होने वाली बीमारियों के उपचार की दवाइयां पर्याप्त मात्रा में रखने के निर्देश दिए गए है। पशु चिकित्सा संस्थानों में भी ऐसी ही व्यवस्था करने के लिए निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि रैन बसेरों में साफ रजाई गद्दे, रोशनी, शुद्ध पेयजल और सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था रखने के भी निर्देश दिए हैं। कृषि और उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को पाले से फसलों का बचाव के लिए किसानों को जागरूक करने के बारे में कहा है।

### दिल्ली-कांडला हाइवे पर गंदा पानी

**रेवदर**, (निसं)। सिरोही से मंडार कस्बे में होकर निकल रहे दिल्ली कांडला हाइवे अब कस्बे वासियों के साथ साथ स्कुली बच्चों की जान का दुश्मन बनता नजर आ रहा है। मंडार कस्बे कि सीनियर सैकंडरी स्कूल जो कांडला हाइवे पर स्थित है और स्कूल के सामने हाइवे पर फैला गंदा पानी अब लोगों के लिए सिरदर्द बनता नजर आ रहा है। पिछले एक महीने से नाले का पानी सडक पर जमा हो गया पानी कि निकासी नहीं होने से बडे वाहनों के बढते आवागमन से पानी में गहरे खड्डे अब लोगों को दुर्घटना कि दावत देते नजर आ रहे हैं। हर कोई दुपहिया वाहन चालक खड्डे में गिरता नजर आ रहा है। साथ ही स्कूल आने-जाने वाले बच्चों को भी अब डर सता रहा है क्योंकि मंडार कस्बे के गटर का गंदा पानी अब फैलने से सडक किनारे खडे विधुत विभाग के ट्रांसफर से पानी में करंट दौड़ सकता है।

### शिवम् नाट्ययालय का आरंगेत्रम आज

**जोधपुर**, (कासं) । शिवम् नाट्ययालय का 52वां आरंगेत्रम दिक्षिता जैन द्वारा 24 नवंबर को टाउन हॉल में होगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिक्षिता जैन का जन्म जोधपुर में वर्ष 2012 में हुआ। दिक्षिता मयूर चौपासनी स्कूल की कक्षा सातवीं की छात्रा है। नृत्य के साथ नाट्यय कला व स्पोर्ट्स में भी गहरी रूचि है। वह स्कूल में ऑल राउंडर का खिताब जीत चुकी है तथा फुटबाल जिला टूर्नामेंट में भी खेल चुकी है। दिक्षिता ने पूरी निष्ठा और लगन के साथ इस नृत्य कला की विभिन्न मुद्राओं को बारीकी से प्रशिक्षण लिया है। नृत्य साधना के साथ दिगम्बर जैन समाज व अन्य विभिन्न कार्यक्रमों में भी अपनी नृत्य की प्रस्तुतियां दे चुकी है। बचपन से ही नृत्य में रूचि होने के कारण दिक्षिता ने मात्र 3 वर्ष की आयु में गुरु डॉ मंजूषा चंद्र भूषण सक्सेना के नेतृत्व में भरतनाट्यम की विधिवत साधना प्रारंभ की। पिता अंकुश जैन डीवीपी (एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक) तथा माता ऋचा जैन चार्टर्ड अकाउंटेंट है।

### जनजातीय पखवाड़े के कार्यक्रम हुए

**जोधपुर**, (कासं)। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बनाड़ जोधपुर में शनिवार को राष्ट्रीय जनजातीय पखवाड़ा के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किये गये। प्राचार्य उम्मेद सिंह ने बताया कि विद्यार्थियों के लिए जनजातीय लोक नृत्य प्रतियोगिता एवं मुखौटा रचना प्रतियोगिता आयोजित की गई जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लिया। विद्यार्थियों ने जनजातियों के जीवन, कला, संस्कृति को दर्शाते डिसप्ले बोर्ड को सजाया। साथ ही उनके लिए जनजातीय वेशभूषा पर आधारित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। आज ही विद्यार्थियों के लिए कम्युनिटी लंच का भी आयोजन किया गया। सीसीए प्रभारी गगन जोत ने कार्यक्रम का संचालन किया तथा डॉ. सुनीता यादव ने आभार व्यक्त किया।

### डिवाइडर पर चढ़कर पलटी कार

**जोधपुर**, (कासं) । जोधपुर-पाली राजमार्ग पर शनिवार सुबह लालकी रोड से आगे एक होटल के निकट अनियंत्रित होकर एक कार डिवाइडर पर चढ़ कर पलटी खा गई, जिससे कार में सवार एक ही परिवार के छह जने घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने बताया कि जोधपुर निवासी मनीष लुंकड़ पुत्र गौतम लुंकड़, प्रेमलता पत्नी मनीष, गौतम पुत्र पारस, प्रीति पत्नी नितेश, वंश पुत्र मनीष लुंकड़, निशांत पुत्र नितेश कार में सवार होकर जोधपुर से पाली की तरफ जा रहे थे। इस दौरान लालकी रोड पर बने एक होटल के निकट अचानक से कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढक़र पलटी खा गई। कार सडक़ के दूसरी तरफ आ गई। हादसे में कार में सवार सभी लोगों के मामूली चोटें आई हैं। सभी घायलों को रोहट अस्पताल पहुंचाया गया।

### अवैध हथियार के साथ शिकारी गिरफ्तार

**जोधपुर**, (कासं) । बाप पुलिस ने थाना क्षेत्र के सरहद एकलथली गांव में एक शिकारी को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ पहले से मामले दर्ज है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फलोदी एसपी पूजा अवाना ने बताया कि ऑपरेशन समानुपात के तहत एएसपी बृजराज सिंह और वृताधिकारी अचलसिंह देवड़ा के निर्देशन में बाप थाना क्षेत्र के सरहद एकलथली गांव से आरोपी जोड़ निवासी सिकंदर (50) पुत्र अब्दुल रहीम निवासी के कब्जे से 12 बोर बंदूक और पांच कारतूस जब्त किए गए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आम्र्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि आरोपी सिकंदर आदतन शिकारी है और उसके खिलाफ पहले भी बाप थाने में वन्य जीवों के शिकार करने के दो मामले दर्ज हो चुके हैं।

# वृद्ध दम्पति को बंधक बनाकर लूटने के दो आरोपी गिरफ्तार

**सायला**, (निसं)। जालोर जिले के सायला पुलिस थाना क्षेत्र के देताकलां में गत 12-13 नवम्बर की मध्यरात्रि में एक कृषि बेरे पर वृद्ध दम्पति को बंधक बनाकर लूट की वारदात को अंजाम देने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव ने बताया कि सायला थानाक्षेत्र के देताकलां में गत 12-13 नवम्बर की मध्यरात्रि में अज्ञात बदमाशों द्वारा भलाराम राजपुरोहित के कृषि बेरे पर भलाराम व उसकी पत्नी को बंधक बनाकर लूट की वारदात को अंजाम दिया था। लूट की सूचना प्राप्त होने पर तुरन्त एक्शन लेकर जालोर एएसपी मोटाराम गोदारा व वृताधिकारी गौतम जैन को मौके पर तुरन्त रवाना कर स्वयं भी मौके पर पहुंच घटनास्थल का जायजा लिया था।

घटनास्थल से साक्ष्य एकत्रित करने के लिए एम.ओ.बी. टीम, एफ.एस.एल. टीम एवं डॉग स्क्वायड दल व डीएसटी टीम को मौके पर बुलाकर घटनास्थल का बारिकी से निरीक्षण कर साक्ष्यों का संकलन किया। साथ ही जिला साईबर टीम डीसीआरबी से तकनीकी सहयोग प्राप्त किया। वही लूट की वारदात के मद्देनजर जालोर एएसपी मोटाराम गोदाराम, त्वरित अनुसंधान सैल जालोर एएसपी भुपेन्द्रसिंह, जालोर वृताधिकारी गौतम जैन, सायला थानाधिकारी महेन्द्रसिंह व डी.एस.टी. को अलग-अलग टास्क दिए गए। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए देताकलां व आसपास आने जाने वाले रास्तों पर निगरानी रखते हुए उन रास्तों पर लगे हुए सभी सीसीटीवी कैमरो के फुटेज को गठित टीमों द्वारा देखना शुरू किया तथा करीब 2०० सीसीटीवी कैमरो को चैक किया गया।



जालोर जिले में सायला पुलिस थाना क्षेत्र के देताकलां में कृषि बेरे पर वृद्ध दम्पति को बंधक बनाकर लूट की वारदात को अंजाम देने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। फोटो-राष्ट्रदूत

अनुसंधान के दौरान छगनाराम पुत्र अमराराम जाति कलबी (चौधरी) निवासी देताकलां व मालाराम पुत्र अमराराम जाति कलबी (चौधरी) निवासी देताकलां दस्तयाब किया। जिन्हें पुछताछ के दौरान जुर्म कबुल करने पर गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से उक्त प्रकरण के अलावा अन्य वारदातों के सम्बन्ध में अनुसंधान जारी है।

### चार आरोपियों को किया नामजद


पुलिस के अनुसार देताकलां में लूट के वारदात से पहले आरोपी छगनाराम ने भलाराम राजपुरोहित के खेत पर मिट्टी का कार्य किया था। इस दौरान आरोपी ने भलाराम के घर व खेत की रैकी की थी। इसके बाद चारों आरोपियों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया। घटनास्थल से भी चार आरोपियों के पैरों के निशान मिले है।

मामले मे चार आरोपियों को नामजद किया है। आरोपी छगनाराम व मालाराम सगे भाई है जिन्हें गिरफ्तार किया जा चुका है। तीसरा आरोपी कालूराम पुत्र नरसाराम जाति कलबी (चौधरी) निवासी सायला दक्षिण भारत भागने वाला था। जिसे पुलिस ने चितौडगढ में एमडी व अफीम के साथ गिरफ्तार किया है तथा पुलिस टीम वहां से लेकर आ रही है।

चौथा आरोपी भारताराम उर्फ भरत पुत्र बाबुराम जाति मेघवाल निवासी सुराणा की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम दबिश दे रही है।

गत 13 नवम्बर 2024 को भलाराम पुत्र अमरीगजी राजपुरोहित (68 साल) निवासी देताखुर्द ने रिपोर्ट पेशकर बताया कि मेरा खेत सरहद देताकलां में आया हुआ है। मेरे तीन पुत्र है, जो तीनों परिवार सहित देशावर रहते है। पीछे घर मैं तथा मेरी पत्नी रहते है। दिनांक 12-13 नवम्बर की मध्यरात्रि में चार अज्ञात चोर मेरे रहवासी मकान में आए। मुझे व मेरी पत्नी को बंधक बनाकर दोनों कमरों में रखे 118 तौला ०7 मिलीग्राम सोने के गहने एवं 1.1० लाख रूपये बक्से में रखे थे। जो लूट कर ले गये। जिस पर पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया।

# भाजपाइयों ने खुशी जताई



महाराष्ट्र व राजस्थान में भाजपा की जीत पर कार्यकर्ताओं ने राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग के निवास स्थान पर आतिशबाजी कर मुंह मीठा करवाया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जालोर जिला मुख्यालय पर भाजपा नगर मंडल जालौर द्वारा महाराष्ट्र व राजस्थान में भाजपा का कमल खिलने पर राजस्थान विधानसभा मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग के निवास स्थान पर आतिशबाजी कर मुंह मीठा करवा कर जश्न मनाया।

भाजपा नगर अध्यक्ष एडवोकेट सुरेश सोलंकी ने बताया कि भाजपा नगर मंडल जालौर द्वारा विधायक निवास पर विधानसभा मुख्य सचेतक व विधायक जोगेश्वर गर्ग के मुख्य आतिथ्य में कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड कर आतिशबाजी कर कार्यकर्ताओं का मुंह मीठा करवा कर बधाई शुभकामनाएं दी और साथ ही खुशी का जश्न मनाया।

इस दौरान मुख्य सचेतक विधायक जोगेश्वर गर्ग, नगर अध्यक्ष एडवोकेट सुरेश सोलंकी, भाजपा नेता मुकेश खंडेलवाल, दीप सिंह धनानी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष गजेंद्रसिंह सिसोदिया, जिला प्रवक्ता मुकेश राजपुरोहित, नगर महामंत्री दिनेश महावर, उपाध्यक्ष राजेंद्र टाक, आईटी जिला सह संयोजक अचल सिंह परिहार, रमेश गर्ग, नगर मंत्री महेंद्र राठौड, सुरेश जैन, हीराराम देवासी, महेश भट्ट, हेमेंद्र सिंह, दशरथ सिंह भाटी, श्रवण ओड, मोहन माली, रामाराम माली सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### सड़क हादसे में भाई-बहन घायल

**पाली**, (नि.सं.)। पाली में खरीदारी कर बाइक से घर की तरफ जा रहे तीन भाई-बहनों को तेज रफ्तार से आ रहे पिकअप ने टक्कर मार दी। तीनों भाई-बहन घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया। जहां से हालत गंभीर होने पर एक महिला को जोधपुर रेफर किया गया।

पुलिस के अनुसार पाली जिले के मारवाड़ जंक्शन क्षेत्र के बिठोड़ा कलां गांव निवासी 25 साल का खरताराम पुत्र ढलाराम बावरी शुक्रवार शाम को जाडन निवसी अपनी 28 साल की बहन जमनादेवी पत्नी सुरेश कुमार और 22 साल की बहन दुर्गा पत्नी अनदाराम के साा मारवाड़ जंक्शन घर का सामाना खरीदने आया था। तीनों भाई-बहन खरीदारी कर वापस बिठोड़ा कलां गांव जा रहे थे। इस दौरान रास्ते में तेज रफ्तार से आ रहे पिकअप ड्राइवर ने इनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक क्षितठास्त हो गई और तीनों भाई-बहन उछल कर सड़क पर गिर गए। हादसे में जमनादेवी और दुर्गा के पैर फेक्चर हो गए और बॉडी में जगह-जगह चोटे आई। वही खरताराम के सिर पर चोट लगी। मारवाड़ जंक्शन हॉस्पिटल से प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को पाली के बांगड़ हॉस्पिटल रेफर किया गया। जहां जमनादेवी की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे जोधपुर रेफर किया गया। शेष दोनों घायलों का बांगड़ हॉस्पिटल में उपचार जारी है। जानकारी मिलने पर घायलों के परिजन बांगड़ हॉस्पिटल पहुंचे।

# शिवगंज के रीको क्षेत्र में सड़क कार्य का शिलान्यास

**रेवदर**, (निसं)। पंचायती राज राज्यमंत्री ओटाराम देवासी और क्षेत्रीय सांसद लुंबाराम चौधरी ने शनिवार को शिवगंज के रीको क्षेत्र में सड़क कार्य का शिलान्यास किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री देवासी ने कहा कि आमजन, उद्योगपतियों एवं सरकार का लक्ष्य एक ही है क्षेत्र का विकास और उसी में सभी अपनी भागीदारी निभाते हुए अग्रसर हो रहे हैं।उन्होंने कहा कि जिले में राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टर्स मीट के माध्यम से उद्योगपतियों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में निवेश किया गया है साथ ही आने वाले दिनों में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य स्तरीय इन्वेस्टर्स मीट का भी आयोजन किया जायेंगा जिससें प्रदेश भर में रोजगार और निवेश के बेहतरीन कार्य होंगे। वहीं सांसद लुंबाराम चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा उद्योगों के विकास के लिए विभिन्न योजनाएं एवं कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं जिसका अधिक से अधिक प्रचार प्रसार हो।

उन्होंने कहा कि वे और राज्य मंत्री देवासी दोनों ही क्षेत्र के लोगों की समस्याओं के निराकरण के साथ साथ विकास और कल्याण के लिए पूर्णतया प्रतिबद्ध है एवं सदैव समन्वय और



पंचायतीराज राज्य मंत्री ओटाराम देवासी और जालोर-सिरोही सांसद लुंबाराम चौधरी ने शिवगंज के रीको क्षेत्र में सड़क का शिलान्यास किया। फोटो-राष्ट्रदूत

सहयोग की भावना के साथ क्षेत्र के हित में कार्य किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम को कमलेश दवे,दिनेश बिंदल और योगेंद्र गोयल ने भी संबोधित किया।

गौरतलब है कि औद्योगिक क्षेत्र शिवगंज व शिवगंज विस्तार में 2 द्वद्व सीसी सडक निर्माण हेतु कुल चार करोड का बजट वित्तीय वर्ष 2024-25 रीको निगम मुख्यालय द्वारा स्वीकृत किया गया है जिसके तहत ऑनलाइन निविदा आमंत्रित कर रुपये तीन करोड नौ लाख का कार्यदेश जारी किया गया है। इससे शिवगंज ओद्योगिक क्षेत्र के उद्यमियों को व ओद्योगिक क्षेत्र में वाहनों को आवागमन में सुविधा होगी।

कार्यक्रम में रीको से मनोज कुमार त्यागी इकाई प्रभारी, चेतनराम क्षेत्रीय प्रबंधक, भरत सुथार उप प्रबंधक वित्त, सुमित सहायक स्थल अभियंता पवनेश आर्य वरिष्ठ प्रारूपककार सहित संबंधित अधिकारी व उद्योगपति उपस्थित थे।

# विकसित भारत युवा लीडर डायलॉग कार्यक्रम 25 से

**जालोर**, (कासं)। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा माय भारत पोर्टल के माध्यम से विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग कार्यक्रम का आयोजन 25 नवंबर से माय भारत पोर्टल पर आयोजित किया जायेगा।

कार्यक्रम में देशभर से चुने हुए 3000 युवाओं को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से रूबरू होने का मौका मिलेगा।

नेहरू युवा केन्द्र के जिला युवा अधिकारी राजेंद्र जाखड ने बताया कि विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग कार्यक्रम के तहत विकसित भारत चुनौती : चार चरणीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेंगा जिसमें प्रथम चरण में विकसित भारत प्रश्नोत्तरी का आयोजन होगा जिसके अंतर्गत मेरा युवा भारत प्लेटफॉर्म पर 25 नवंबर से 5 दिसंबर 2024 तक आयोजित होने वाले डिजिटल क्विज में 15 वर्ष से 29 वर्ष की आयु के युवा भाग लेंगे। इसमें प्रतिभागियों के ज्ञान और भारत की उल्लेखनीय उपलब्धियों के संबंध में जानकारी की परीक्षा होगी। द्वितीय चरण में आयोजित निबंध और ब्लॉग लेखन प्रतियोगिता में गत चरण के विजेता प्रतिभागी लगभग 10 चुने गए विषयों जैसे 'विकसित भारत के लिए तकनीक', 'विकसित भारत के लिए युवाओं को सशक्त बनाना' आदि पर निबंध प्रस्तुत करेंगे, जिसमें राष्ट्रीय विकास के प्रति उनके विचार परिलक्षित होंगे। यह प्रतियोगिता एमवाई भारत प्लेटफार्म पर भी आयोजित की जाएगी।

उन्होंने बताया कि तृतीय चरण में विकसित भरत विजन पिच डेस्क-राज्य स्तरीय प्रस्तुतियाँ गतिविधि का आयेजन होगा जिसमें दूसरे चरण में उत्तीर्ण होने वाले प्रतिभागी राज्य स्तर पर चुने हुए विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। उनकी प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रत्येक राज्य राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागियों के चयन के लिए विभिन्न विषयों पर टीमों का गठन करेगा। चतुर्थ चरण में भारत मंडपम में विकसित भारत राष्ट्रीय चैम्पियनशिप गतिविाि के तहत विभिन्न थीम आधारित राज्य स्तरीय टीमें 11 और 12 जनवरी, 2025 को राष्ट्रीय युवा महोत्सव प्रतिस्पर्धा में भाग लेंगी। विजेता टीमें प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के समक्ष विकसित भारत के निर्माण पर अपने दष्टिकोण और विचार प्रस्तुत करेंगी।

### संविधान दिवस पर होगी पदयात्रा

नेहरू युवा केन्द्र की ओर से 26 नवम्बर को संविधान दिवस पर का आयोजन इम्मानुअल सीनियर सेकेंडरी स्कूल जालोर में पदयात्रा का आयोजन किया जायेगा।

# नशा मुक्ति के लिए वृहद स्तर पर जागरूकता अभियान चलाएं : डाबी

**बाड़मेर**, (नि.सं.)। नशा मुक्ति के लिए प्रभावी कार्यवाही के साथ वृहद स्तर पर जागरूकता अभियान चलाएं। जिला कलैक्टर टीना डाबी ने शनिवार को नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जिला स्तरीय बैठक के दौरान विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए यह बात कही।

जिला कलैक्टर टीना डाबी ने कहा कि नशा मुक्ति के लिए विद्यालयों और कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के साथ विद्यार्थियों के बीच नशा मुक्ति क्लबों का गठन किया जाए। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर तक जागरूकता कार्यक्रमों को प्राथमिकता दी जाए। जिला कलैक्टर टीना डाबी की अध्यक्षता में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया।

इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जसाराम बोस, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक सुरेंद्र प्रताप सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव मित्तल, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ बी एल मंसूरिया, सीडीईओ मुरलीधर यादव सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जिला कलैक्टर ने नशा मुक्ति को लेकर प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस विभाग को अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ की गई कार्रवाई की साप्ताहिक रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिए। जिला कलैक्टर टीना डाबी ने स्वास्थ्य विभाग के ड्रग इंस्पेक्टर और एडीसी को प्रतिबंधित ड्रग के वितरण और बिक्री के निरीक्षण के लिए नियमित कार्रवाई कर साप्ताहिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। वहीं, कॉलेज शिक्षा विभाग को नशा मुक्ति अभियान नई किरण की प्रगति रिपोर्ट एवं विवरण साप्ताहिक आधार पर प्रस्तुत करने का आदेश दिया। इस दौरान पुलिस की कार्यवाही के बारे में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जसाराम बोस ने बताया कि वर्ष 2024 में अब तक जिले में अवैध मादक पदार्थों से संबंधित 125 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इन मामलों में 43.098 किलो अफीम, 7315.250 किलो डोडा पोस्ट, 501 ग्राम स्मैक और 101 ग्राम एमडी जब्त की गई है। साथ ही 173 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। इस अवसर पर समस्त विभागों को सामूहिक प्रयासों के जरिए नशा मुक्त समाज की दिशा में कार्य करने की अपील की गई।

# प्रमुख शासन सचिव गायत्री ने उम्मेद अस्पताल का निरीक्षण किया

**जोधपुर**, (कासं) । चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने शनिवार को उम्मेद अस्पताल का दौरा कर निरीक्षण किया। इस दौरान इस दौरान केन्द्रीय स्वास्थ्य सचिव पून्या सलीला श्रीवास्तव भी उनके साथ रही।

उन्होंने चिकित्सालय में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सफाई एवं सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाओं को पुख्ता रखने के निर्देश दिए।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ व केन्द्रीय स्वास्थ्य सचिव पून्या सलीला श्रीवास्तव के साथ एम्स जोधपुर के डायरेक्टर डॉ. गोवर्धन दत्त पुरी, आरसीएच निदेशक डॉ. सुनित सिह राणावत की टीम ने चिकित्सालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। चिकित्सालय में प्रसुताओं तथा शिशुओं से संबंधित राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन का अवलोकन किया।

निरीक्षण दल ने अस्पताल के स्त्री रोग विभाग के ओपीडी, आपातकालीन कक्ष एवं लेबर रूम में संचालित लक्ष्य कार्यक्रम के क्रियान्वयन के साथ चिकित्सालय प्रशासन द्वारा किए गए नवाचार प्रसुताओं को स्टेरलाइज गाउन एवं रियल टाइम पेशेन्ट मैनेजमेन्ट सिस्टम के क्रियान्वयन का अवलोकन किया। सचिव ने अस्पताल के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के आईसीयू एचडीयू के साथ ही अस्पताल की महिला कार्मिकों के शिशुओं हेतु चिकित्सालय प्रशासन द्वारा विकसित क्रेच का भी निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर करने व पेशेंट फ्रेंडली बनाने के निर्देश दिए। राठौड़ ने निर्देश दिए कि मरीजों के उपचार में कोई कमी नहीं होनी चाहिए, विशेष रूप से रात के समय सीनियर डॉक्टरों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। साथ ही अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने, साफ-सफाई को नियमित रूप से मॉनिटर करने और सभी अस्पतालों की एनर्जी ऑडिट सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान अस्पताल अधीक्षक डॉ. अफजल हकीम, डॉ. रंजना देसाई, डॉ. रिजवाना शाहीन, डॉ. राकेश जोरा, डॉ. विनय अबीचन्दानी, डॉ. संदीप चौधरी, रूक्मणी रावल, विजेन्द्र मेड़तिया आदि भी मौजूद रहे।

# रेवदर में आतिशबाजी की

**रेवदर**, (निसं)। रेवदर स्थित भाजपा कार्यालय में महाराष्ट्र में पूर्ण बहुमत से बीजेपी की सरकार बनने पर मिठाई बांटकर खुशी मनाई।

सरकार बनने के बाद भाजपा के कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल है। कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में किया गया। भाजपा एससी मोर्चा प्रदेश मंत्री प्रकाश मेघवाल ने कहा कि यह ऐतिहासिक विजय डबल इंजन सरकार की नीतियों, विकासोन्मुखी कार्यक्रमों, सुशासन की प्रतिबद्धता एवं राष्ट्र हित में लिए गए निर्णयों के प्रति प्रचंड जन-विश्वास को प्रदर्शित करती है।

वही मंडल अध्यक्ष ने एनडीए की जीत पर देवतुल्य मतदाताओं का हार्दिक आभार और सभी कार्यकर्ताओं को ढेरों बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

मंडल महामंत्री दशरथ सोनी ने सभी को धन्यवाद देते हुये कहा कि नतीजों ने बंटोगे तो कटोगे और एक है तो सेफ है की गारंटी पर मोहर लगाई तथा कार्यकर्ताओं की कठिन मेहनत के बदौलत यह जीत हासिल हुई है।

